KOKUYO ग्रूप आचारसंहिता पुस्तिका

# CODE OF CONDUCT

2023.04

# KOKUYO ग्रूप विचारधारा प्रणाली

**भावी परिदृश्य**

स्वायत्त सहकारी समिति

**मूल्य**

संवेदनशील सह रचना

प्रायोगिक संस्कृति

अनुभविक डिज़ाइन

**आशय**

उत्तेजित
भविष्य के काम और जीवन
की खोज।

**दीर्घकालिक अवलोकन**

WORK & LIFE
STYLE
Company

"वन-व्यवस्थापन मॉडल" में रूपांतरण

**कॉर्पोरेट सिद्धांत**

# be Unique.

KOKUYO सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना जारी रख दुनिया की वैयक्तिकता को प्रकाशित करेगा।



KOKUYO कंपनी लिमिटेड के
अध्यक्ष और प्रतिनिधि निदेशक

हिदेकुनी कुरोदा

# TOP MESSAGE

KOKUYO ग्रुप उत्तेजित भविष्य के काम और जीवन के खोज के लिए वचनबद्ध है। इस ध्येय के तहत, हमने दीर्घकालिक विजन "CCC2030" स्थापित कर विविध व्यवसायों का एक समूह बनाने उद्दिष्ट से विभिन्न उपक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं जो स्थायी रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि के आधार पर, औद्योगिक डोमेन का विस्तार और नए व्यवसायों का विकास अधिक सक्रियता के साथ, कानून और विनियमों का पालन करना और सामाजिक नैतिकता के अनुसार कॉर्पोरेट गतिविधियों का संचालन करना अत्याधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

कॉर्पोरेट उत्पादों की गुणवत्ता और निष्पक्ष व्यापार, पर्यावरण, श्रमिक, सुरक्षा और स्वास्थ्य, लेखांकन मानक, कराधान, रिश्वतखोरी और सूचना प्रबंधन आदि मुद्दों पर विभिन्न कानून और नियम लागू होते हैं।

हम सदा "KOKUYO ग्रुप की आचार संहिता "से सचेत हैं और औद्योगिक गतिविधियों को ईमानदारी से जारी रखेंगे। इस प्रकार, हम समाज से किए गए वादों को निभाते हुए निरंतर विकास की प्राप्ति में योगदान करेंगे।

कंपनी और हरेक की सुरक्षा के लिए और सबके विकास के लिए, कृपया "KOKUYO समूह की आचार संहिता" की सार को समझकर अपनी दैनिक गतिविधियों के मूलाधार के रूप में उपयोग करें।

1 कानून और कंपनी के नियमों का अनुपालन और ईमानदार व्यवहार

2 मानवाधिकार और व्यक्तित्व का सम्मान

3 वैश्विक पर्यावरण का संरक्षण

4 मुक्त प्रतिस्पर्धा और निष्पक्ष कारोबार

5 सुरक्षित और विश्वसनीय उत्पाद व सेवाओं का प्रदान

6 कंपनी मालमत्ता का उचित प्रबंधन और बौद्धिक सम्पत्ति की सुरक्षा

7 उचित जानकारी प्रबंधन और वित्तीय प्रतिवेदन

8 हितों के टकराव पर रोक

9 इनसाइडर ट्रेडिंग का प्रतिरोध

10 मनोरंजन और उपहारों का उचित प्रयोजन

11 अनुचित अनुरोधों का प्रत्युत्तर

इस आचार संहिता में 'KOKUYO ग्रुप' KOKUYO Co., Ltd. तथा "ग्रुप गवर्नेंस आधारभूत अधिनियम" में निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्र, मूल कंपनी ग्रुप A, सहयोगी कंपनी ग्रुप A, और मूल कंपनी ग्रुप B से संबंधित कंपनियों आदि का उल्लेख किया गया है।

इस आचार संहिता के "कानून" अनुभाग में KOKUYO ग्रुप की व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित आंतरिक और विदेशी कानून, अध्यादेश, विनियम आदि का उल्लेख किया गया है। "आंतरिक नियम" में सामान्यतः KOKUYO ग्रुप और KOKUYO ग्रुप की प्रत्येक कंपनी के लिए लागू किए गए नियम, विनियम, कार्यप्रणाली, निदेशक सिद्धान्त, आदि संदर्भित किए गए हैं।

इस आचार संहिता में, "अधिकारी" अनुभाग में कंपनी के निदेशकों और लेखा परीक्षकों को संदर्भित किया गया है। "कर्मचारी" अनुभाग में नियमित कर्मचारी, वरिष्ठ कर्मचारी, अनुबंध कर्मचारी, अंशकालिक कर्मचारी, अंशकालिक श्रमिक और कंपनी द्वारा नियोजित अन्य लोगों को संदर्भित किया गया है।

यदि आप इस आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, तो कानून और कंपनी के नियमों के तहत आप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# 1 कानून और कंपनी के नियमों का अनुपालन और ईमानदार व्यवहार

## उच्चतम नैतिक मानकों के साथ कानून और कंपनी के नियमों का अनुपालन करते हुए हम सद्भाव से काम करेंगे।

निरूपण

- साझेदार हमसे कानूनों और आंतरिक नियमों का पालन के साथ उच्च नैतिक मानकों और सत्यनिष्ठा के साथ व्यापार करने की भी अपेक्षा करते हैं।
- व्यावसायिक गतिविधियों पर लागू सभी कानून और विनियम जानने और समझने का प्रयास कर के कंपनी के नियमों के साथ उनका अनुपालन करें।
- प्रबंधन, व्यवसाय और कर्तव्यों के निष्पादन संबंधत निर्णय लेते समय जानकारी की सटीक समझ होना आवश्यक है। अगर कोई समस्या आ जाए, तो प्रारंभिक प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होती है। प्रारंभिक प्रतिक्रिया कंपनी की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है। यहां तक कि अगर यह "बुरी खबर" भी हो, बिना किसी तथ्य को छिपाए अपने वरिष्ठ से परामर्श करें।
- किसी दूसरे देश में स्थानांतरण अथवा अन्य देशों से जुड़े व्यवसाय का संचालन करते समय, हमें न केवल दूसरे देश के कानून और विनियमों के पालन के साथ उस देश की संस्कृति और रीति-रिवाजों को समझना और उनका सम्मान भी करना आवश्यक है।

# 2 मानवाधिकार और व्यक्तित्व का सम्मान

हमारे द्वारा नस्ल, जातीयता, धर्म, राष्ट्रीयता, भाषा, लिंग अथवा
विकलांगता के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता।
हम यौन उत्पीड़न अथवा सत्ता का उत्पीड़न
जैसे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न में शामिल नहीं होंगे।
हम बाल मजदूरी अथवा बंधुआ मज़दूरी की अनुमति नहीं देते हैं।

निरूपण

- कंपनी के आंतरिक व बाह्य व्यवसाय में शामिल हर एक व्यक्ति के मानवाधिकारों और व्यक्तित्व का सम्मान करना आवश्यक है। हमें अपनी मानवाधिकारों की समझ को गहरा करके एक स्वस्थ कार्यस्थल बनाने का प्रयास करना चाहिए।
- किसी भी व्यक्ति की स्पष्ट पूर्व सहमति के बिना उसकी निजी जानकारी का खुलासा न करें।
- यौन टिप्पणी या शारीरिक संपर्क जैसे दूसरों को दर्द और परेशानी देने वाले काम कभी न करें।
- कार्यस्थल में अपने अधिकार का इस्तेमाल किसी के व्यक्तित्व को नकारने या उनकी गरिमा को रौंदने के लिए कभी न करें।
- बाल मजदूरी और बंधुआ मज़दूरी को न केवल KOKUYO ग्रुप के भीतर बल्कि संलग्न कंपनियां, संगठनों आदि के साथ लेन-देन की भी अनुमति नहीं देते हैं।

# 3 वैश्विक पर्यावरण का संरक्षण

एक संधारणीय समाज संपादित करने के लिए, हम ग्लोबल वार्मिंग और वन संसाधनों के अभाव जैसे वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर सक्रियता से काम करेंगे।

निरूपण

- उत्पाद विशेषताओं के अनुसार योग्य वातावरण, तर्कसंगत डिजाइन, हानिकारक रासायनिक पदार्थों का कम इस्तेमाल, और उत्पाद जीवन चक्र (कच्चा माल खरीदना, निर्माण, परिवहन, निपटान, आदि) के सभी चरणों में उपयोग के दौरान बिजली का कम से कम इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
- उत्पादन और निर्माण स्थलों पर, यदि किसी दुर्घटना या उपकरण की विफलता के कारण कच्चा माल, अपशिष्ट आसपास के वातावरण में बिखर जाते हैं, तो इसका पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।
- माल का वितरण और निर्माण जैसी सेवाओं के प्रावधान में ऊर्जा और संसाधनों की खपत के साथ और अपशिष्ट भी उत्पन्न होता है। इसलिए हमें पर्यावरण के भार को घटाने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है।
- कार्यालय, निर्माण अथवा उत्पादन स्थल पर  बिजली, पानी, कागज, आदि की बचत और कचरा अलग करना आवश्यक है। कचरे के छोटे ढेर मिलकर पर्यावरण पर बड़ा प्रभाव डालते हैं। हमें इन चीजों के बारे में जागरूक होकर एक स्थायी समाज की प्राप्ति में योगदान देने के लिए इन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

# 4 मुक्त प्रतिस्पर्धा और निष्पक्ष व्यापार

हम एकाधिपत्य, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और निष्पक्ष व्यापार के निषेध से सम्बंधित कानून और कंपनी के नियमों का अनुपालन करेंगे और उनसे विचल नहीं होंगे।

निरूपण

- कई देशों में निष्पक्ष और मुक्त व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों और विनियमों के उल्लंघन का कंपनी पर भारी प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए हमें इनका अनुपालन करना आवश्यक है।
- बोली की स्थिति, उत्पाद की कीमतें, उत्पादन की मात्रा, बिक्री की मात्रा, शेयर, आदि पारस्परिक रूप से मुक्त व्यावसायिक गतिविधियों को प्रतिबंधित करनेवाली चर्चा और समझौते में शामिल नहीं होना चाहिए।
- अपनी बेहतर सौदेबाजी की स्थिति का लाभ उठाकर या व्यापार भागीदारों और तीसरे पक्षों के बीच बिक्री मूल्यों को सीमित करके अपने व्यवसाय पर प्रतिकूल नियम और शर्तें हमें नहीं थोपनी चाहिए।
- आपूर्तिकार का चयन करते समय, हमें मूल्य, गुणवत्ता, वितरण तिथि, आपूर्ति क्षमता, बिक्री के बाद की सेवा, लेन-देन की स्थिति आदि की निष्पक्ष रूप से तुलना करनी चाहिए।
- ग्राहक को भ्रमित करने वाले अनुचित अभिवेदन न करें।

# 5 सुरक्षित और विश्वसनीय उत्पाद व सेवाओं का प्रावधान

**हम सुरक्षित और विश्वसनीय उत्पादों और सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास हासिल करना और उनकी संतुष्टि का अनुसरण करना जारी रखेंगे**

निरूपण

- हमें अपने ग्राहकों की ज़िंदगी और इस दुनिया में बदलाव के लिए विकास, डिजाइन, खरीद, निर्माण, बिक्री, वितरण और समर्थन सहित संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में अपनी व्यावसायिक प्रक्रियाओं को परिष्कृत करते हुए लगातार सुरक्षा और गुणवत्ता का पूरी तरह से अनुपालन पालन करेंगे।
- हमें मौजूदा क्षेत्रों के अतिरिक्त, नए क्षेत्रों में उत्पादों और सेवाओं में भी प्रासंगिक कानूनों और विनियमों की पहचान करना और समझने का प्रयास करना चाहिए और आंतरिक नियम और विनियमों का अनुपालन करना चाहिए।
- हमें ग्राहकों को अपने उत्पादों और सेवाओं की सुरक्षा और पर्यावरण के बारे में सटीक व समझने में आसान स्पष्टीकरण और जानकारी प्रदान करने का उद्देश्य रखना चाहिए।

# 6 कंपनी मालमत्ता का उचित प्रबंधन और बौद्धिक सम्पत्ति की सुरक्षा

हम कंपनी के भौतिक और अमूर्त मालमत्ता का उचित प्रबंधन, सुरक्षा और उपयोग करेंगे। हम अन्य निकाय के बौद्धिक सम्पत्ति अधिकारों का सम्मान करते हैं।

निरूपण

- कंपनी के भौतिक और अमूर्त मालमत्ता का नुकसान, चोरी, रिसाव आदि को रोकने के लिए कंपनी के नियमों के अनुसार उचित प्रबंधन किया जाना चाहिए। कंपनी मालमत्ता व्यापार के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कंपनी मालमत्ता बिना अनुमति के कंपनी से बाहर ले जाना अथवा किसी तीसरे पक्ष को प्रदान नहीं किया जाना चाहिए।
- अन्य निकाय के बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करें और उनका उल्लंघन न करें। नए उत्पाद या नई तक्नीक का शोध, विकास, डिजाइन, उत्पादन या बिक्री करते समय, हमें दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की ठीक से जांच कर के मुक्दमों जैसी परेशानियों से बचने का प्रयास करना चाहिए।
- अन्य निकाय की गोपनीय जानकारी की अवैध रूप से प्राप्ती या इस्तेमाल न करें।

# 7 उचित जानकारी प्रबंधन और वित्तीय प्रतिवेदन

हम पूरी ईमानदारी और उचित ढंग से कंपनी के अभिलेख बनाएंगे, और उसके महत्व के अनुसार व्यवसाय के दौरान उपयुक्त प्रक्रियाओं की प्राप्त जानकारी का प्रबंधन और रिपोर्ट करेंगे।
लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग करते समय हम वित्त, लेखा और कर के संबंध में कानून, विनियम और कंपनी के नियमों का अनुपालन करेंगे।

## निरूपण

- व्यवसाय के दौरान प्राप्त की गई जानकारी को आवश्यक प्रक्रियाओं और अनुमोदन के बिना किसी तृतीय पक्ष को प्रकट नहीं किया जाना चाहिए। अप्रत्यक्ष रूप से प्रदान की गई जानकारी के लिए भी यह नियम लागू है। इस तरह की जानकारी को KOKUYO ग्रुप की प्रत्येक कंपनी के भीतर भी अनावश्यक रूप से साझा करने से बचना चाहिए। अत्यधिक महत्वपूर्ण जानकारी के लिए, इलेक्ट्रॉनिक जानकारी के लिए पासवर्ड सेट करना और कागजी जानकारी के लिए पूरी तरह से लॉकिंग प्रबंधन द्वारा रिसाव को रोकने के उपाय करना आवश्यक है।
- कानून, कंपनी के नियम और तथ्यों के आधार पर व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी ईमानदारी से और उचित ढंग से दर्ज की जानी चाहिए। भले ही यह जानकारी कंपनी या व्यक्ति के लिए असुविधाजनक हो, इसमें कोई विरूपण, मिथ्याकरण या छिपाव नहीं होना चाहिए।
- फलतः KOKUYO ग्रुप और प्रत्येक कंपनी के लिए सभी व्यावसायिक गतिविधियाँ बिक्री और मुनाफे की ओर ले जाती हैं यह स्वीकार करते हुए, उपयुक्त वित्तीय जानकारी का खुलासा करने के लिए, हम बिक्री और खरीद, प्रक्रिया व्यय और भुगतान, लेखांकन प्रसंस्करण पर्ची को कानून, कंपनी के नियम और तथ्यों के आधार पर उचित ढंग से रिकॉर्ड किया जाना चाहिए।
- सूचना प्रकटीकरण विभाग की अनुमति के बिना जनसंचार माध्यम से व्यक्तिगत रूप से संपर्क न करें या कंपनी व्यवसाय के बारे में पूछताछ का जवाब न दें। यह KOKUYO ग्रुप के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके अलावा, गोपनीय जानकारी की घोषणा से पहले व्यावसायिक प्रदर्शन की जानकारी, KOKUYO ग्रुप की अघोषित जानकारी, व्यावसायिक भागीदार, ग्राहक कंपनियां, अघोषित उत्पाद, सेवाओं की जानकारी, तकनीकी जानकारी आदि को भेजना और लिखना प्रतिबंधित है।

8

# हितों के टकराव पर रोक

हम कंपनी और व्यक्तिगत हितों के विपरीत किसी भी कार्य में शामिल नहीं होंगे। यदि हम मतभिन्नता के बारे में चिंतित हैं, तो हम वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श करेंगे।

निरूपण

➢ हमसे ईमानदारी से कंपनी के कर्तव्यों के पालन और कंपनी के सर्वोत्तम हित में काम करने की उम्मीद की जाती है। यदि आप कंपनी और आपके व्यक्तिगत हित के टकराव को लेकर चिंतित है, तो अपने वरिष्ठ अधिकारी से परामर्श करें।

**<हितों के टकरावों के संभाव्य उदाहरण>**

- KOKUYO ग्रुप के अलावा किसी कंपनी का अधिकारी बनना अथवा एक कर्मचारी के रूप में रोजगार अनुबंध में प्रवेश करना
- KOKUYO ग्रुप के साथ व्यक्तिगत रूप से प्रतिस्पर्धी लेन-देन का संचालन कअथवा उसमें शामिल होना
- स्वयं, परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, दोस्त आदि KOKUYO ग्रुप के लेन-देन में प्रतिपक्ष बन बन कर उनके एजेंट के रूप में कार्य करते हैं।

# 9 इनसाइडर ट्रेडिंग का प्रतिरोध

## हम KOKUYO ग्रुप या अन्य कंपनियों के स्टॉक व्यापार से संबंधित व्यवहार प्रेरित करनेवाली किसी भी प्रकार की अंतरंगी लेन-देन अथवा आचरण में शामिल नहीं होंगे।

### निरूपण

- सामान्यतः इनसाइडर ट्रेडिंग, कार्य के दौरान कंपनी की महत्वपूर्ण जानकारी को सार्वजनिक करने से पहले कंपनी के स्टॉक को खरीदने या बेचने वाले कर्मचारी को संदर्भित करता है। इसके अलावा, महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने वाले कर्मचारी के परिवार के सदस्य, परिचितों आदि को भी स्टॉक का व्यापार करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
  KOKUYO ग्रुप की कंपनियों के निदेशक, लेखा परीक्षक, कार्यकारी अधिकारी, सलाहकार और कर्मचारी (नियमित, अनुबंध, अंशकालिक , अस्थायी, और अन्य कर्मचारी, आदि)
- इनसाइडर ट्रेडिंग निवेशकों के लिए अनुचित है। यदि KOKUYO ग्रुप के किसी अधिकारी या कर्मचारी को उसके ओहदे के कारण उसके खुद के व्यवसाय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी का पता चलता है, तो वह उस जानकारी के सार्वजनिक रूप से प्रकट होने तक कंपनी के शेयर न खरीद और बेच नहीं सकता। यदि आप किसी तीसरे पक्ष को "गैर-प्रकट आंतरिक जानकारी" का खुलासा अथवा किसी और को उस जानकारी के आधार पर स्टॉक खरीदने या बेचने की सलाह देते हैं, तो आप पर अपराध का आरोप लगाया जा सकता है। इसलिए भ्रामक व्यवहार से सावधान रहना आवश्यक है। व्यापार करते समय, कृपया कानून और विनियम के अतिरिक्त "KOKUYO ग्रुप इनसाइडर ट्रेडिंग प्रिवेंशन रूल्स" का पालन करें।

**<अघोषित सामग्री के भीतरी जानकारी के उदाहरण>**

- वित्तीय जानकारी
- नई तकनीक के अनुसंधान और विकास की जानकारी
- नए व्यवसाय की शुरुआत अथवा व्यवसाय से हटना
- शेयर का निर्गमन, अभिग्रहण, बिक्री अथवा हस्तांतरण
- व्यापार कार्यान्वयन, ऋण माफी के दौरान हुई हानी

**<लक्षित कंपनियां>**

- KOKUYO ग्रुप की कंपनियों के अतिरिक्त व्यावसायिक भागीदार, समझौता करने वाली, और ग्राहक कंपनियों पर भी लागू होता है।

# 10 मनोरंजन और उपहारों का उचित प्रयोजन

हम सार्वजनिक संस्थानों के कर्मचारी अथवा सरकारी अधिकारियों को रिश्वत नहीं देंगे। कंपनी के नियमों का उल्लंघन करनेवाले और व्यवसाय कार्यप्रणाली से पथभ्रष्ट मनोरंजन या उपहार प्रदान नहीं करेंगे।
हम कंपनी के नियमों का उल्लंघन करनेवाले और व्यवसाय कार्यप्रणाली से पथभ्रष्ट मनोरंजन या उपहार स्वीकार नहीं करेंगे।

## निरूपण

- कुछ देशों में, राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों को मनोरंजन और उपहार देना कानून द्वारा प्रतिबंधित है। निजी कंपनियों द्वारा मनोरंजन और उपहार देना भी कुछ मामलों में रिश्वतखोरी के रूप में पहचाना जाता है। इन कानूनों और विनियमों के उद्देश्य और आशय देश के अनुसार भिन्न होते हैं। यदि आपको बिक्री गतिविधियों में शामिल होने की आवश्यकता है, तो आपको अपने वरिष्ठों और संबंधित विभागों से कानून, विनियम, और दिशानिर्देश की जांच करके सावधानीपूर्वक प्रतिक्रिया देनी आवश्यक है।
- व्यापार भागीदारों को मनोरंजन या उपहार प्रदान करना या प्राप्त करना, कानून, विनियम, व्यावसायिक कार्यप्रणाली, सामाजिक संदेह आदि के दायरे में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कृपया व्यापार भागीदारों को पहले से सूचित करने का प्रयास करें कि आप व्यावसायिक कार्यप्रणाली से विचलित अथवा सामाजिक रूप से संदिग्ध मनोरंजन या उपहार स्वीकार नहीं करेंगे।
- कार्यप्रणाली सिद्धान्त के अनुसार KOKUYO ग्रुप के भीतर मनोरंजन और उपहारों का आदान-प्रदान प्रतिबंधित है।

# 11 अनुचित अनुरोधों का प्रत्युत्तर

## हम किसी भी प्रकार की अनुचित मांग का जवाब नहीं देंगे।

निरूपण

- बाहर से अनुचित आर्थिक माँग (पैसा, सामग्री, पत्रिका सदस्यता, बैठकों में भागीदारी, आदि) का जवाब कभी न दें।
- सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली और आर्थिक गतिविधियों में बाधा डालने वाली असामाजिक गतिविधियों और प्रभाव से हमें कोई संबंध नहीं रखना चाहिए।
- बाहरी धमकियों, डरावा और ब्लैकमेल के आगे न झुकें। यदि आप ऐसी समस्या में हैं, तो कृपया इसे स्वयं हल करने का प्रयास न करते हुए, तुरंत अपने वरिष्ठ या संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देकर उचित प्रतिक्रिया देने के लिए निर्देश प्राप्त करें।